तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025

13 स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पुलिस परेड ग्राउंड...

14 तिरंगा हमारी आन-बान और शान का प्रतीक...










**कार्रवाई:** माओवादी संगठन एसडीके सोनाबेड़ा धरमबांधा खोलीबतर डिविजन ने किया था डंप

# पंडरीपानी सिकासार जंगल से आईईडी बनाने का सामान और नक्सल सामाग्री किया बरामद




संयुक्त टीम को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

थाना मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी–सिकासार की पहाड़ी और जंगल क्षेत्र ग्राम मांझीखुना-फुलडाकला के टंगर/इगझी इलाके में नक्सलियों के मंसूबों पर जिला पुलिस और सीआरपीएफ ने करारा प्रहार किया है। आज संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने आईईडी इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बनाने का सामान बरामद किया है। इसके अलावा नक्सली प्रचार सामाग्री और मेडिकल दवा का स्टॉक बरामद किया। तहसील मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर स्थित इस इलाके में पुलिस को स्थानीय सूचना तंत्र के माध्यम से खबर मिली कि माओवादी संगठन एसडीके सोनाबेड़ा धरमबांधा खोलीबतर डिवीजन के नक्सलियों ने आईईडी बनाने की सामग्री डम्प कर रखी है। जानकारी मिलते ही जिला पुलिस बल गरियाबंद की ऑपरेशन टीम ई–30, बीडीएस यूनिट और 62वीं बटालियन सीआरपीएफ थाना पीपरछेड़ी की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान के लिए रवाना हुए।

### किया गया नष्ट

पुलिस ने बताया कि बरामद नकली आईईडी और उपकरण नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को भ्रमित करने और नुकसान पहुंचाने की योजना के तहत तैयार किए गए थे। जिसे समय रहते नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

### ये सामान बरामद

कार्रवाई के दौरान पुलिस पार्टी को जान से मारने की नियत से नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी बनाने के लिए6 नग कुकर, नक्सली पर्चा, पोस्टर बनाने हेतु उपयोग एक कलर प्रिंटर, माओवादी उपयोग विभिन्न प्रकार के मेडिकल टेबलेट, इंजेक्शन जैसे आदि सामाग्री बरामद किये गये है।



पुलिस द्वारा एक बार फिर माओवादियो के विनाशकारी नीतियों को नाकाम करने में सफलता प्राप्त की है।

# विभा को मिली महिला मोर्चा की प्रदेश कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



■ मैनपुर क्षेत्र में पटाखे फोड़कर मनाई गई खुशियां

भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की कमान श्रीमती विभा अवस्थी को सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई गई।

ज्ञात हो कि श्रीमती विभा अवस्थी मैनपुर विकासखण्ड की अमलीपदर निवासी है। भाजपा की काफी सक्रिय नेत्री के रूप में पहचानी जातीं हैं। भाजपा महिला मोर्चा में प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी भी उनके द्वारा निभाई जा चुकी है। भाजपा सरकार के महतारी वंदन योजना के प्रचार प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने वाली श्रीमति विभा अवस्थी ने भाजपा के विभिन्न पदों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया है। उनके नेतृत्व क्षमता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा उन्हे आज महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन होगा आज

**छुरा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष सभी 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ गुरुवार को सुबह 6.15 बजे बस स्टैंड से प्रारंभ होगी। दौड़ बस स्टैंड से नगर पंचायत तत्पश्चात सदर रोड होते हुए बजरंग चौक फिर वापस बस स्टैंड आएगी। लगभग 1 किलोमीटर इस दौड़ में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नगरिक, मीडिया प्रतिनिधि, ब्लॉक अधिकारी, पुलिस विभाग,स्कूल ,कॉलेज , छात्र-छात्राएं, समाजसेवी, खिलाड़ी सहित अन्य शामिल होंगे। वेटलिफ्टिंग संघ गरियाबंद अध्यक्ष यशवंत यादव, शीतल ध्रुव समाजसेवी, हीरालाल साहू शिक्षक, ▶▶| शेष पेज 10 पर

# पुलिस ने 120 लीटर अवैध ताड़ी के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

■ नया सवेरा अभियान के तहत पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**गरियाबंद।** नया सवेरा अभियान के तहत जिले में अवैध शराब, गांजा तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। थाना अमलीपदर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिरीघाट पानीगांव मोड़ के पास से 120 लीटर अवैध ताड़ी (छिंद रस) मादक द्रव्य पदार्थ के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अमलीपदर को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में बड़ी मात्रा में ताड़ी भरकर बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान शेखर कल्लुरी (29 वर्ष), निवासी अमलीपदर, जिला गरियाबंद के रूप में हुई। तलाशी में आरोपी के कब्जे से 30-30 लीटर क्षमता वाले चार नीले प्लास्टिक ड्रमों में भरी कुल 120 लीटर ताड़ी, जिसकी अनुमानित कीमत 6,000 रुपये है, तथा एक हीरो होंडा सीडी डिलक्स



मोटरसाइकिल (सीजी 04 सीएक्स 8275) बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# गांजा तस्करी मामले में मुख्य आरोपी समेत 4 गिरफ्तार

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



■ 'इंड टू इंड' ऑपरेशन में चार आरोपी पकड़े गए, सरगना भी पुलिस के शिकंजे में

गरियाबंद पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ 'इंड टू इंड' कार्रवाई करते हुए एक और बड़ी सफलता हासिल की है। फिंगेश्वर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के मुख्य सरगना मनोज उर्फ श्याम सुंदर सतनामी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई के साथ ही इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की कुल संख्या चार हो गई है। यह मामला थाना फिंगेश्वर के अपराध क्रमांक 185/2025 से जुड़ा है। पुलिस ने पहले मुखबिर की सूचना पर खेलावन ध्रुव और राजेश भोई नामक दो आरोपियों को 7.544 किलो गांजा, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। पूछताछ के दौरान, उन्होंने अपने सहयोगी राजू सोनी उर्फ ज्ञानी सोनी का नाम बताया, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की लगातार 'इंड टू इंड' जांच के दौरान, साइबर सेल की मदद से गांजा सप्लाई करने वाले मुख्य सरगना मनोज उर्फ श्याम सुंदर ▶▶| शेष पेज 10 पर




प्रस्तुति–श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.–79871–24123

खबर संक्षेप

## पूर्व सांसद चंदूलाल आज मैनपुर में, तिरंगा यात्रा का करेंगे नेतृत्व



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष और पूर्व सांसद चंदूलाल साहू 14 अगस्त को सुबह 11 बजे नगर आएंगे। उनके आगमन पर लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से एक विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। यह यात्रा मैनपुर के गौरघाट, हरदीभाठा, भाठीगढ़ और नहानबिरी से होकर वापस विश्राम गृह पर समाप्त होगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव और महामंत्री महेश कश्यप ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों से इस तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## राजू साहू बने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष



**फिंगेश्वर।** नगर के भाजपा नेता राजू साहू को छत्तीसगढ़ शासन उच्चशिक्षा विभाग रायपुर के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिलाअध्यक्ष एवं प्रभारी मंत्री जिला गरियाबंद के अनुमोदन के उपरांत फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया जिससे युवाओ मे हर्श की लहर है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं युवाओ ने उन्हे बधाई दी है।

## महिलाओं ने रखा बहुला चतुर्थी व्रत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में बहुला चतुर्थी का व्रत रखा गया माताएं ने बहुला चतुर्थी हर साल भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन कृष्ण और गऊ माता की पूजा की जाती है। इस साल बहुला चतुर्थी का व्रत 12 अगस्त मंगलवार रखा गया।

पेज 9 का शेष...

## गांजा तस्करी...

सतनामी (उम्र 45 वर्ष) का पता चला। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो उसने स्वीकार किया कि वह गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों के माध्यम से शहर और आसपास के क्षेत्रों में गांजे की सप्लाई करवाता था। पर्याप्त सबूत मिलने पर मनोज उर्फ श्याम सुंदर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## स्वतंत्रता दौड़...

व मिथिलेश सिंहा, योगाचार्य विनोद देवांगन, शिक्षक नरेंद्र पटेल, व्यवसायी कुलेश्वर मरकाम अधीक्षक अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

निधन

## मेवाराम साहू

**पाण्डुका।** ग्राम कुकदा (पोड़) निवासी मेवाराम साहू ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष कुकदा उम्र 61 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे गंगा साहू के पुत्र, विमला साहू की पति, किशोर, ऋषि कुमार, संदीप कुमार साहू के पिता थे।

# कार्यशाला में संस्कृत भाषा की गरीमा और महिमा पर की चर्चा

### गरियाबंद में नई पहलः संस्कृत शिक्षक अब 'गुरुदेव' और 'गुरुमाता' के नाम से जाने जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद के जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने मंगलवार को आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में कहा कि संस्कृत हमारी सांस्कृतिक जड़ों की आत्मा है और वैदिक भाषा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के भीतर संस्कृत और संस्कृति दोनों का भाव जागृत होना चाहिए। यह कार्यशाला संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। इसी के तहत उन्होंने गरियाबंद में एक नई पहल की शुरुआत करते हुए घोषणा की कि अब से सभी संस्कृत शिक्षकों को **'गुरुदेव'** और **'गुरुमाता'** के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने संस्कृत को जन-जन की भाषा बनाने और लोगों में संस्कृत में सोचने की प्रवृत्ति विकसित करने पर जोर दिया। इस कार्यशाला को संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ के प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारती पूरे विश्व में इस भाषा के उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में प्राध्यापक जैनेन्द्र दीवान, प्रेमानंद महिलांग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर और डीएमसी शिवेश कुमार शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए।






### संस्कृत हो अनिवार्य विषय

कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षकों और भाषा विशेषज्ञों ने संस्कृत के ऐतिहासिक महत्व और उसकी वर्तमान उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस दौरान यह बात सामने आई कि संस्कृत का एक-एक शब्द अमृततुल्य है। शिक्षकों ने यह मांग भी रखी कि संस्कृत को वैकल्पिक विषय के बजाय अनिवार्य विषय बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही, जहाँ भी स्कूलों में संस्कृत विषय है, वहाँ शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

### समस्या: देहारगुड़ा से लेडीबहार तक सड़क निर्माण के लिए कई बार हो चुका है सर्वे

# 10 किमी की सड़क के लिए 20 किमी का सफर तय करने को ग्रामीण मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम लेडीबहार के निवासियों को आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। लेडीबहार से देहारगुड़ा तक की सड़क की खराब हालत के कारण ग्रामीणों को 10 किमी की दूरी तय करने के लिए 20 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इस मार्ग पर पक्की सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है।

### *सड़क, आंबा, स्कूल भवन बनाने की मांग*

*ग्राम लेडीबहार के निवासी मोहन मरकाम, जोहर ठाकुर, नरेश ठाकुर, नारायण ठाकुर, हुमन ठाकुर और यश मरकाम सहित अन्य ग्रामीणों ने सरकार से गांव में पक्की सड़क, आंगनवाड़ी भवन और स्कूल भवन के निर्माण की मांग की है।*

- लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी करना पड़ रहा संघर्ष
- 16 सालों से किराए के भवन में आंगनवाड़ी





### सड़क की स्थिति बदहाल

वर्तमान में लेडीबहार से देहारगुड़ा का रास्ता पथरीला और जंगली है, जिस पर पैदल चलना भी मुश्किल है। इस कारण ग्रामीणों को दबनई-फरसरा मार्ग से होकर लेडीबहार जाना पड़ता है, जिससे दूरी दोगुनी हो जाती है। यदि देहारगुड़ा और लेडीबहार के बीच की इस 10 किलोमीटर सड़क की मरम्मत कर दी जाए, तो सैकड़ों ग्रामीणों को आवागमन में बहुत सुविधा होगी। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस मार्ग का दो-तीन बार सर्वे भी हो चुका है और इस पर पड़ने वाले दो नदी-नालों पर पुल-पुलिया का निर्माण भी पूरा हो चुका है। केवल डब्ल्यूबीएम मुरम और गिट्टी डालकर सड़क का निर्माण कर दिया जाए तो यह समस्या हल हो सकती है। ग्रामीणों ने इस मानसून से पहले खुद ही चंदा इकट्ठा कर सड़क की मरम्मत का काम किया था।

### आंगनवाड़ी भवन का अभाव

सड़क के अलावा, ग्राम लेडीबहार में आंगनवाड़ी भवन की भी बड़ी समस्या है। साल 2009 में यहां आंगनवाड़ी केंद्र खोला गया था, जिसमें 0 से 6 साल तक के लगभग 20 बच्चे आते हैं, लेकिन भवन न होने के कारण इसे 16 वर्षों से किराए के निजी मकान में चलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने लंबे समय से आंगनवाड़ी भवन के निर्माण की मांग की है।

# डिप्टी सीएम अरुण साव ने डॉ. श्वेता पांडेय का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव ने नगर के चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉश्वेता पांडेय का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट करके किया। यह सम्मान चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये एक विशेष सम्मान समारोह में हुआ है। जिसमें मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव ने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। इस सम्मान से क्षेत्र में प्रसन्नता है।

उल्लेखनीय है कि जिला गरियाबंद के राजिम-नवापारा शहर में डॉ. श्वेता पांडेय ने उच्च स्वास्थ्य सेवा कम से कम दाम में हर व्यक्ति तक पहुंचाई है। बल्कि उन्होंने अपनी संस्था में पहली बार आईसीयू, डायलिसिस और सीटी स्कैन सुविधा शुरू कर इलाज आसान और सुविधाजनक बनाया है। एक समय था जब मरीजों को यह सुविधा लेने रायपुर तक जाना पड़ता था जो अब राजिम में ही उपलब्ध हो गई है। गरिमामय सम्मान समारोह के दौरान कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे.भी मौजूद थे। सभी मंत्रियो ने डॉ श्वेता पांडेय को सम्मान पाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

- चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

# संतान की दीर्घायु के लिए माताएं आज रखेंगी कमरछठ का व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भादो माह के छठवें दिन कमरछठ या हल षष्ठीपर्व के रूप में मनाने की मान्यता है। हलषष्ठी के दिन माताएं अपने संतान के सुखी जीवन एवं दीर्घायु के लिए व्रत रखती है। इस दिन भगवान बलराम का जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है।

परंपरा है कि कमरछठ के दिन महिलाएं हल या नागर से उपजे भूमि का अन्न ग्रहण नहीं करती और ना ही गाय के दूध, दही एवं घी का सेवन करती है। बल्कि तालाब से उत्पन्न हुए अन्न ग्रहण करने की परंपरा है।

सगरी को तालाब के प्रतीक के रूप खोदी जाती है। हल षष्ठी के दिन महिलाएं एक स्थान पर इकट्ठा होकर सगरी में पानी भर भगवान शिव पार्वती एवं बलराम की पूजा करते हैं। भगवान को भैंस के दूध से बने घी का दीपक जलाकर श्रीफल,लाई एवं मौहा का भोग लगाया जाता है। पूजा उपरांत माताएं अपने बच्चों को पीली मिट्टी से सनी पोतनी से छह बार पीठ में निशान लगाकर आशीर्वाद देती है। छह प्रकार की भाजी से बनी सब्जी, पसहर चावल, भैंस के दूध से बनी दही का भोग पशु-पक्षी को लगाकर स्वयं आहार ग्रहण करती है। राजिम, नवापारा नगर के मंदिर देवालय एवं कई स्थानों पर सागरी खोद पूजा होगी। सगरी को आम की टहनी एवं काशी की बाली से सजाया जाता है।

### सगरी खोदकर शिव-पार्वती और नंदी की करेंगी पूजा

# संतान की लंबी आयु के लिए माता रखेंगी हलषष्ठी व्रत आज

**रसेला।** भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि यानी 14 अगस्त को हलषष्ठी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखेंगी। इस पर्व को कमरछठ के नाम से भी जाना जाता है। व्रत के दौरान महिलाएं पसहर चावल और भैंस के दूध का सेवन करती हैं। इसकी तैयारी बुधवार से ही शुरू हो गई थी। महिलाएं महुआ पेड़ की दातुन करके स्नान करने के बाद व्रत धारण कर रही हैं।

### ऐसे होती है पूजा-अर्चना



परंपरा के अनुसार, महिलाएं दोपहर बाद अपने आंगन, मंदिरों या गाँव के चौपाल में सगरी बनाती हैं और उसमें जल भरती हैं। इसके बाद, तालाब के किनारे बेर, गूलर और काशी के फूल लगाकर सजावट की जाती है। एक चौकी पर गौरी-गणेश और कलश स्थापित कर हलषष्ठी देवी की पूजा होती है। इस दौरान घी और सिंदूर से प्रतिमा तैयार कर उस पर साड़ी और सुहाग सामग्री चढ़ाई जाती है। महिलाएं हलषष्ठी माता की छह कहानियों का श्रवण करती हैं। पूजा की सामग्री में मुख्य रूप से पसहर चावल, महुआ के पत्ते, धान की लाई, भैंस का दूध, दही और घी शामिल होते हैं।

### पौराणिक मान्यता

कमरछठ की पौराणिक कथा वासुदेव और देवकी के छह बच्चों से जुड़ी है। कंस ने कारागार में उन सभी की हत्या कर दी थी। जब सातवें बच्चे के जन्म का समय आया, तो देवर्षि नारद ने देवकी को हलषष्ठी देवी का व्रत रखने की सलाह दी। कहा जाता है कि देवकी ने सबसे पहले यह व्रत किया था, जिसके प्रभाव से उनकी आने वाली संतान की रक्षा हुई। रसेला गाँव में भी हनुमान मंदिर के पास महिलाएं इकट्ठा होकर मिट्टी की सगरी बनाकर पूजा करती हैं और अपने बच्चों के लिए लंबी आयु की कामना करती हैं।



















प्रस्तुति- गोरेलाल सिन्हा, ब्यूरो प्रमुख, जिला-गरियाबंद मो. 9993223300, संकलन- उरेन्द्र कुमार साहू संवाददाता कोपरा, मो. 9098047551

# पीजी हॉस्टल की छोटी पार्किंग और बंद कैमरे देख भड़के कमिश्नर, अधूरे काम पूरे करने सख्त हिदायत

हरभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीजी हास्टल में डाक्टरों के वाहन के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं होने और डेढ़ साल से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे देखकर कमिश्नर महादेव कांवरे भड़क गए। उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारियों को पुरानी शिकायतों को शीघ्र पूरा करने की हिदायत दी। कालेज के साथ उन्होंने अस्पताल जाकर मरीजों और ओपीडी की उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। इलाज के लिए आने वाले जरूरतमंद मरीजों को दी जाने वाली दवा के स्टॉक के बारे में भी पूछताछ की।

अलग खबर

## संभागायुक्त पहुंचे मेकाहारा, निर्माण के साथ मरीजों का भी हाल जाना




### आवास समस्या पुरानी

मेडिकल कालेज में पढ़ाई करने वाले छात्रों की आवास समस्या पुरानी है। यहां यूजी छात्रों के लिए हास्टल का निर्माण तो किया जा रहा है मगर उसका काम काफी धीमा है। सूत्रों का कहना है अभी अधूरा खड़ा ढांचा जब तक वास्तविक भवन के रूप में तैयार होगा तब तक प्रवेश लेने वाला बैच पढ़ाई पूरी कर चुका होगा। हास्टल को लेकर कुछ समय पहले काफी बवाल भी हुआ था।

संभागायुक्त महादेव कांवरे ने सोमवार को शासकीय जेएन मेडिकल कालेज और आंबेडकर अस्पताल का जायजा लिया। पीजी हास्टल में पर्याप्त पार्किंग नहीं होने की वजह से डाक्टरों की अस्त-व्यस्त गाड़ियां देखकर उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारियों से इस बारे में पूछताछ की। इस दौरान उन्हें पता चला कि हास्टल में मौजूद सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं, इसकी वजह से वहां से डाक्टरों की गाड़ियां भी चोरी हो जाती हैं। कई बार सूचना देने के बाद भी इसे ठीक करने के लिए मेंटेनेंस टीम गंभीरता नहीं दिखा रहा है। इस समस्या के बारे में जानकर कमिश्नर ने मौजूद अफसरों के सामने नाराजगी जताई और कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### विधायक सोनी ने विद्यार्थियों को प्रदान किए प्रमाणपत्र



**रायपुर।** हिंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, आरडीए प्लाट, संजय नगर में मंगलवार को ग्रीन डे मनाया गया। इस अवसर पर संजय नगर गार्डन में अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया। इसी दौरान मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी ने पौधारोपण कार्यक्रम एवं राखी स्पर्धा में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किए। इस मौके पर श्री सोनी ने शाला के विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व और उसकी आवश्यकता के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पेड़ लगाकर उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मिर्जा एजाज बेग ने की। पौधारोपण कार्यक्रम में रेहाना बेगम, पार्षद बद्री प्रसाद गुप्ता, अभिषेक तिवारी, मुतवल्ली मस्जिद गरीब नवाज संजय नगर, सुरैया मिर्जा, इजहार बेग, रूही नाज, शेख नकीबा, निशा, भारती साहू, रंजना, संध्या, मुस्तरी, सबा निशा, फिरदौस, गुलफशा, गौसिया, रूखसार, मौलाना अमीर बेग, मो. कासम, सरफराज, नासिर सहित छात्र-छात्राएं, पालक एवं अनेक लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की रीढ़ हैं मितानिन बहनें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ द्वारा विगत दिनों नवा रायपुर स्थित ग्राम तूता में किए जा रहे धरना-प्रदर्शन को जनता कांग्रेस (जे) छत्तीसगढ़ ने समर्थन दिया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, मितानिन बहनें शासन और जनता के बीच की वह मजबूत कड़ी हैं, जो न केवल सरकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाती हैं, बल्कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ भी हैं। उन्होंने कहा मितानिन बहनों की यह मांगें पूर्णतः न्यायसंगत हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इन मुद्दों को गंभीरता से लेकर पूरा करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा मितानिनें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहली पंक्ति हैं। इनके बिना प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचा चरमरा जाएगा। सरकार को इनकी मांगों को ठंडे बस्ते में डालने के बजाय तुरंत बातचीत करके समाधान निकालना चाहिए। ज्ञात हो कि राज्य के 72,000 मितानिन कार्यकर्ताओं की हड़ताल से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

### क्रेडा अध्यक्ष सवन्नी को क्लीन चिट

**रायपुर।** क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के खिलाफ की गई शिकायत के बाद ऊर्जा विभाग ने इस प्रकरण को आधारहीन बताते हुए नस्तीबद्ध कर दिया है। उल्लेखनीय है कि क्रेडा के कुछ वेंडरों ने इस संबंध में उच्च स्तरीय शिकायत की थी। शिकायत पर जांच का दायित्व ऊर्जा सचिव रोहित यादव को सौंपा गया था। उनकी जांच में शिकायत निराधार पाई गई।

### गोंडवाना गोंड महासभा ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**रायपुर।** गोंडवाना गोंड महासभा मोवा द्वारा गत दिनों विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अवनी विहार, दलदल सिवनी, मोवा, शंकरनगर, कचना, देवेंद्र नगर एवं पंडरी के आसपास एवं अन्य स्थान के आदिवासियों ने उपस्थित होकर अपनी संस्कृति का परिचय दिया। इसके बाद रैली मोवा, रायपुर से बुढ़ादेव प्रांगण, वीआईपी रोड तक निकाली गई। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सदस्य संत कुमार नेताम और क्षेत्रीय गोंडवाना गोड़ महासभा मोवा के अध्यक्ष भोलाराम नेताम सहित कई अतिथियों ने संबोधित किया।

### मीसा बंदियों के वंशजों के लिए युवा संकल्प की शुरुआत

**रायपुर।** लोकतंत्र रक्षक संघ ने मीसा बंदियों के वंशजों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए "युवा संकल्प" की शुरुआत की है। इसमें युवाओं के कौशल विकास के लिए विभिन्न तरह का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। संघ के अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, उपाध्यक्ष सुहास देशपांडे ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।

## कल तक प्रपोजल जमा करने का मौका, बेसमैप अपडेशन और प्रापर्टी के सर्वे की तैयारी

# 8 साल बाद शहर का फिर होगा सर्वे, नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर निजी एजेंसियों से मंगाए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

8 साल बाद शहर का एक बार फिर नये सिरे से सर्वे होगा। निगम के राजस्व महकमा ने राजधानी सहित आउटर स्थित 70 वार्डों के मकान, दुकान, भवन, खाली भूखंडों का सर्वे कराने निजी एजेंसियों से ऑनलाइन टेंडर कर प्रस्ताव मंगाये हैं। 14 अगस्त तक संबंधित एजेंसी को अपना प्रस्ताव जमा करना होगा। निगम को ऑनलाइन मिलने वाले प्रस्ताव का पहले अध्ययन किया जाएगा, इसके बाद संबंधित एजेंसी से प्रेजेंटेशन लेकर कम दर वाले अच्छे प्रस्ताव का चयन कर सर्वे के लिए टेंडर किया जायेगा।

- प्रस्ताव का पहले अध्ययन, फिर होगा प्रेजेंटेशन
- नए निर्माण की मिलेगी जानकारी, छूटी हुई प्रापर्टी अपडेट होगी, कंस्ट्रक्शन का एरिया बढ़ा मिला तो टैक्स बढ़ेगा

दरअसल, रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में 3 लाख 60 हजार रजिस्टर्ड प्रापर्टी है, जिनमें से 3 लाख प्रापर्टी से नगर निगम को संपत्ति कर मिल रहा है। 60 हजार संपत्तियां ऐसी हैं, जिनसे प्रापर्टी टैक्स की वसूली नहीं हो पा रही है। सूत्रों के मुताबिक शहर में 50 हजार नए निर्माण ऐसे हैं, जिनकी जानकारी नगर निगम को नहीं है। वहीं नगर निगम के रिकार्ड में शहरभर में 36 हजार डायवर्सन किये हुए खाली भूखंड दर्ज हैं। इसमें से 19,752 ओपन प्लॉट अपडेट हैं, जिनसे नगर निगम को संबंधित भूखंड मालिक से खाली प्लॉट पर टैक्स मिल रहा है, वहीं 16 हजार ओपन प्लॉट ब्लाग्ड प्रापर्टी के रूप में है, जिनके भूखंड स्वामी किसी कारण से टैक्स नहीं दे रहे। अब इन ब्लाक्ड ओपन प्लाट के लोकेशन एरिया और प्लॉट होल्डर को ढूंढ निकालने नगर निगम शहरभर में ओपन प्लॉट का एक बार फिर सर्वे करायेगा। चूंकि आउटर के वार्डों में खाली भूखंडों की संख्या ज्यादा है, इसे चिन्हांकित कर के दायरे में लाया जायेगा। कृषि भूमि के व्यावसायिक उपयोग को भी सर्वे के दौरान ध्यान रखा जायेगा।

### सर्वे में तीन प्रमुख बातों पर रहेगा फोकस

निगम की उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा के मुताबिक शहरभर में नये सिरे से होने वाले प्रस्तावित सर्वे में हमने तीन प्रमुख बातों पर फोकस किया है। इसमें से पहला है रिसेंट प्रापर्टी, दूसरा ब्लाक प्रापर्टी और तीसरा अनएसेस प्रापर्टी। इस तरह संपूर्ण रूप से सर्वे कर डाटा जुटाने की मंशा है। इससे नगर निगम को पिछले 8 साल में किये गये नए निर्माण की जानकारी मिलेगी साथ ही ऐसे पुराने निर्माण जिस पर सर्वे के बाद कंस्ट्रक्शन एरिया बढ़ाया गया है उसका नए सिरे से करारोपण किया जाएगा।



### घर-घर जाकर सर्वे करेगी एजेंसी

नगर निगम से अनुबंधित एजेंसी अनुबंध की शर्त के मुताबिक अपने कर्मचारियों के माध्यम से घर-घर जाकर आवासीय एवं व्यावसायिक निर्माण को लेकर सर्वे करेगी। यही नहीं, खाली भूखंड के बारे में जानकारी जुटाने और रहवासी इलाकों में व्यावसायिक प्रयोजन से हुए निर्माण पर नजर रखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार कर निगम प्रशासन को देगी।

### पिछले सर्वे में निगम की फूटी कौड़ी खर्च नहीं, इस बार 1 से 2 करोड़ का लगेगा फटका

साल 2016-17 में शहर का जीआईएस सर्वे कराया गया। इसके लिए केन्द्र सरकार ने एजेंसी नियुक्त की और 2.5 करोड़ रुपये का भुगतान भी केन्द्र से हुआ। रायपुर नगर निगम को इस कार्य में फूटी कौड़ी खर्च नहीं करनी पड़ी, क्योंकि उस समय यह सर्वे विश्व बैक परियोजना का एक हिस्सा रहा, जबकि इस बार नगर निगम को शहरभर का सर्वे कराने में 1 से 2 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। अनुबंधित एजेंसी को यह राशि सर्वे कार्य के लिए भुगतान करना होगा। पिछली बार एजेंसी से रायपुर शहर में कराये गये जीआईएस सर्वे में काफी गलतियां मिली थीं। सूत्रों के मुताबिक करीब 40 हजार प्रापर्टी के सर्वे में खामियां पायी गयीं। मसलन मठ, मंदिर, मस्जिद पर नियमतः टैक्स नहीं लगता, पर एजेंसी ने उन्हें टैक्स के दायरे में लिया। तालाबों को खाली प्लॉट बताकर उन्हें प्रापर्टी मान ली गयी। रहवासी इलाके की घर में खोली गई छोटी दुकान से व्यावसायिक दर पर जलशुल्क लगाया गया। कुल मिलाकर गलतियां सुधारने लोग महीनों भटकते रहे।

## शेयर-क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश का झांसा, एक करोड़ से ज्यादा की ठगी, आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शेयर और क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश कराने के नाम पर ठगी करने वाले फरार आरोपी अभिलाष मसीह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथी अभिषेक प्रवीण मसीह के साथ मिलकर कई लोगों को ट्रेडिंग में निवेश कर फायदा पहुंचाने का झांसा देकर उनसे एक करोड़ 11 लाख 25 हजार रुपए की ठगी की है। आरोपी का साथी प्रवीण अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। न्यू राजेंद्र नगर थाना से मिली जानकारी के अनुसार भिलाई-3 निवासी भागीरथी यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कमल विहार रायपुर निवासी अभिलाष मसीह एवं अभिषेक की प्रवीण मसीह से मुलाकात हुई थी। इस दौरान दोनों ने शेयर ट्रेडिंग एवं क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश कर दो से तीन गुना फायदा होने की बात कही थी। उसके झांसे में आकर भागीरथी सहित अन्य कई लोगों ने अपने पैसे निवेश किए थे। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने भागीरथी सहित अन्य लोगों से कुल एक करोड़ 11 लाख 25 हजार रुपए की ठगी की और फरार हो गए थे। इनमें से अभिलाष को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है, वहीं अभिषेक अभी भी फरार है।

## आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ा माना में दो लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर तथा इससे लगे आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रायपुर शहर में जहां वीआईपी कालोनियों को छोड़कर अन्य सभी वार्डों में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग खौफ में हैं, वहीं शहर से करीब 10 किलोमीअर दूर माना क्षेत्र में कुत्तों का अब आतंक देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार माना क्षेत्र में एक ही दिन में दो लोगों को एक पागल कुत्ते ने काट लिया है। हालांकि खबर यह भी है कि इस क्षेत्र में दो नहीं, बल्कि कई लोगों को पागल कुत्ते ने अपना शिकार बनाया है। इस क्षेत्र के भाजपा नेता एवं डा. बिश्वास ने बताया कि माना क्षेत्र में कुत्तों का आतंक के साथ आवारा मवेशियों से भी लोग परेशान हैं।

**आवारा मवेशियों के कारण कई लोग घायल हो चुके-** उन्होंने बताया कि आवारा मवेशियों का सड़कों पर दिन-रात जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही है। कई दोपहिया वाहन सवार लोग मवेशियों के कारण गिरकर घायल हो चुके हैं।

### रात में निकलने में लगता है डर

डा. बिश्वास ने बताया कि माना क्षेत्र में आवारा कुत्तों के कारण लोगों को अब रात के समय में घर से निकलने और सड़क पर चलने में डर लगने लगा है। आवारा कुत्तों का झुंड कभी भी लोगों पर हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि भोजन नहीं मिलने और बीमारी के कारण कई कुत्ते पागल भी हो रहे हैं, जिसके कारण अब वे लोगों को काटने लगे हैं। उन्होंने बताया कि माना नगर पालिका ने आवारा कुत्तों और मवेशियों को पकड़ने के लिए वाहन क्रय किया है, लेकिन इसके बाद भी उन्हें पकड़ा नहीं जा रहा है। इससे पूरे माना में दहशत का माहौल है।

## तीन तलाक सहित भारत के नए आपराधिक कानून पढ़ेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026-27 सत्र से लीगल स्टडीज के पाठ्यक्रम में धारा 377 को निरस्त करने, ट्रिपल तलाक और देशद्रोह जैसे पुराने कानून खत्म करने तथा भारत के नए आपराधिक कानूनों को शामिल करने का निर्णय लिया है। सीबीएसई के पाठ्यक्रम समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसे जून में गवर्निंग बॉडी ने भी स्वीकृति दे दी। अब सीनियर सेकेंडरी के छात्र उपनिवेशकालीन कानूनों की जगह आए नए प्रावधानों, महत्वपूर्ण फैसलों और कानूनी सिद्धांतों का अध्ययन करेंगे, जिन्होंने भारत की न्याय व्यवस्था को नया रूप दिया है। मिनट्स ऑफ मीटिंग के अनुसार, लीगल स्टडीज की कक्षाएं 11वीं में 2013 और 12वीं में 2014 से शुरू हुई थीं। तब से भारत के कानूनी ढांचे में बड़े बदलाव हुए हैं, जिनमें 2023-24 में भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है।

## राजिम तक ट्रेन चलाने आज अंतिम सेफ्टी टेस्ट, पटरी से लेकर प्लेटफार्म तक यात्री सुविधा की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजिम और रायपुर के बीच ट्रेन दौड़ाने की उलटी गिनती शुरू हो गई है। आज रेल मंडल के अधिकारी पटरियों से लेकर प्लेटफार्म तक यात्री सुरक्षा की जांच करेंगे। इससे पहले रेलवे की ओर से एक बार निरीक्षण हो चुका है और संचालन की अनुमति भी मिल चुकी है, लेकिन यह मंडल स्तर में 'फाइनल चेक' यात्री सुरक्षा की मुहर लगाने के लिए होगा। बता दें कि राजिम स्टेशन का निर्माण पूरा हो चुका है। प्लेटफार्म पर बैठने की व्यवस्था, पानी, शौचालय जैसी सुविधाओं के साथ-साथ तकनीकी पहलुओं की भी बारीकी से जांच होगी। सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिपाठी के अनुसार, पहली जांच में ट्रेन परिचालन को हरी झंडी मिल चुकी है, अब सभी कोणों से अंतिम जांच के बाद जैसे ही राज्य और केंद्र से उद्घाटन की तारीख तय होगी, ट्रेन पटरियों पर दौड़ने लगेगी।



### तीन मेमू ट्रेनों का संचालन

- पहली सेवा- रायपुर से प्रस्थान: 04:45 बजे, राजिम आगमन: 06:20 बजे, राजिम से वापसी: 06:45 बजे, रायपुर वापसी: 08:02 बजे
- दूसरी सेवा- रायपुर से प्रस्थान: 09:00 बजे, राजिम आगमन: 10:35 बजे, राजिम से वापसी: 11:10 बजे, रायपुर वापसी: 11:45 बजे
- अंतिम सेवा- रायपुर से प्रस्थान: 16:20 बजे, राजिम आगमन: 18:00 बजे, राजिम से वापसी: 19:20 बजे, रायपुर वापसी: 20:15 बजे

### अभनपुर-राजिम होंगे बड़े स्टेशन

रायपुर से राजिम रेल खंड में अभनपुर और राजिम को बड़े स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। अभनपुर जंक्शन होने के कारण भविष्य में यहां एक्सप्रेस ट्रेनें भी रुक सकेंगी। वहीं, राजिम स्टेशन पर 15 से 18 कोच की एक्सप्रेस ट्रेनों के हिसाब से प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाई गई है। अभनपुर में आपात स्थिति में ट्रेन खड़ी करने के लिए भी यह प्लेटफार्म इस्तेमाल किया जा सकेगा। यहां दो प्लेटफार्म की सुविधा है, जो लंबे समय तक खाली ट्रेन खड़ी करने के लिए भी उपयुक्त है। इससे भविष्य में इस रूट की संचालन क्षमता और यात्री सुविधाएं, दोनों बढ़ जाएंगी।

### 1 घंटे 30 मिनट में रायपुर से राजिम

रायपुर से राजिम के बीच शुरू हुई नई ट्रेन सेवा यात्रियों के लिए राहत लेकर आई है। अब इस मार्ग पर सफर न सिर्फ तेज होगा, बल्कि सस्ता भी। जहां बस से यह दूरी तय करने में करीब 2 घंटे और 50 रुपये का खर्च आता था, वहीं ट्रेन से यह सफर सिर्फ 1 घंटा 30 मिनट में पूरा हो सकेगा। ट्रेन का किराया 20 से 25 बीच होगा। खास बात यह है कि छोटे स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव सिर्फ 2 मिनट का होगा, जिससे यात्रा और भी आसान व सुविधाजनक बनेगी। सुरक्षा आयुक्त की ओर से पहले ही ट्रायल रन की अनुमति दी जा चुकी है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की टाइमिंग इस तरह तय की गई है कि सुबह स्कूल और दफ्तर जाने वालों, दोपहर में लौटने वालों और शाम को सफर करने वालों सभी को इसका फायदा मिले।

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



ऑडिटोरियम सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस में मंगलवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संदर्भ में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में आंचलिक कार्यालय से दो दिवसीय निरीक्षण दौरे पर आए हुए अपर केंद्रीय भविष्यनिधि आयुक्त वी. रंगनाथ की अध्यक्षता में किया गया। इसी दौरान वी. रंगनाथ ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण क्षेत्र में नए रोजगार सृजन, कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र का विस्तार करने और उन्हें आर्थिक स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा की गई है।

उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी लगने और कर्मचारी का यूएएन जनरेट होने पर कर्मचारी को प्रोत्साहन के तौर पर 6-6 महीनों के अंतराल में दो किस्तों में अधिकतम 15 हजार की राशि प्रदान की जाएगी और दूसरी ओर भविष्य निधि अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत संस्थानों के नियोक्तओं को नए रोजगार सृजन पर एवं 6 माह के समापन पर प्रति कर्मचारी अधिकतम 3 हजार की प्रोत्साहन राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। इस योजना के क्रियान्वयन से नए रोजगारों के सृजन के साथ ही कामगारों को आर्थिक स्थिरता प्राप्त होगी। इस योजना का लाभ 1 अगस्त से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित रोजगार पर लागू होगा, जिसके अंतर्गत एक लाख रुपए तक वेतन पाने वाले कर्मचारी ही इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। कार्यक्रम में उरला उद्योग संघ के अश्विन गर्ग, महेश कक्कड़ समेत नियोक्ता, कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स, नियोक्ता संघ के प्रतिनिधि, चैंबर ऑफ कामर्स के सदस्यों, कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों एव यूनियन प्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से भाग लिया।

- योजना का लाभ 1 अगस्त से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित रोजगार पर लागू होगा

## सतनामी समाज की 251 प्रतिभाओं का सम्मान



**रायपुर।** सतनामी समाज के लोगों ने सोमवार को अपने गुरुमाता व प्रदेश की प्रथम महिला सांसद होने का गौरव प्राप्त स्व. मिनीमाता की 53वीं पुण्यतिथि पर स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी तथा राजश्री सद्भावना समिति की ओर से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में हुआ। कार्यक्रम में समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, वीरता, विधि, पत्रकारिता, कला, साहित्य तथा समाजोत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रदेश के अलग-अलग जिलों की महिलाओं, 10वीं-12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों, नीट चयनित व खेल जगत से जुड़ी हुई हस्तियों सहित कुल 251 प्रतिभाओं को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, साड़ी, कॉपी, पेन सेट तथा बुके भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि शोषण, भेदभाव तथा अत्याचार से मुक्त समतामूलक समाज के निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम को बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे, राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष शकुन डहरिया, दिनेश साध मुंबई, बाबा कमलेश दास कोटवाधाम उ.प्र., ज्योति लाल बंजारे, मदन सतनामी ने संबोधित किया। सम्मानित होने वाले सामाजिक जनप्रतिनिधियों में नगरपालिका अभनपुर के अध्यक्ष उत्रा सेन गहिरवारे तथा मंदिर हसौद पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी भी शामिल थे।

- वृंदावन हॉल में मनाया मिनीमाता स्मृति दिवस

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्ष केपी खंडे, डॉ. जेआर सोनी, सुंदरलाल जोगी, चंपादेवी गेंदले, केएन भारद्वाज, डीएस पात्रे, एमडी माहिलकर, आरके गेंदले, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पीएमओ डायरेक्टर ने की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया स्थित विद्युत सेवा भवन में पूजा जैन, डायरेक्टर प्रधानमंत्री कार्यालय ने विभागीय अधिकारियों, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों तथा वेंडरों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों तथा वेन्डरों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में 18 राष्ट्रीकृत तथा निजी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। योजना अंतर्गत विभिन्न बैंकों द्वारा सोलर रूफटॉफ प्लांट लगाने के लिए अपनाई जा रही ऋण प्रक्रिया में एकरूपता लाने तथा न्यूनतम आवश्यक डॉक्यूमेन्टेशन के साथ ऋण उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। ऋण स्वीकृति के बाद प्रकरण निरस्त किए जाने तथा ऋण प्रदाय में हो रहे विलंब पर चिंता व्यक्त करते हुए बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। उपभोक्ताओं को योजना अंतर्गत प्रदाय किए जा रहे ऋण की अवधि तथा उपभोक्ताओं द्वारा देय ईएमआई के संबंध में उपभोक्ताओं से चर्चा कर उन्हें पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए।

**आवेदन न हो निरस्त :** उन्होंने कहा, उपभोक्ताओं के ऋण संबंधी आवेदन जानकारी के अभाव में निरस्त न हो। अधिक से अधिक उपभोक्ता बैंकों द्वारा प्रदाय किए जा रहे ऋण सुविधा का लाभ लेकर, योजना अंतर्गत अपनी छतों पर सोलर प्लांट लगाकर इसका लाभ लें, ताकि मुफ्त बिजली की ओर अग्रसर हो ताकि योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति हो सके।

## खबर संक्षेप

### विद्या निकेतन स्कूल के बच्चों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



**फिंगेश्वर।** रक्षाबंधन का त्यौहार,जो भाई–बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है,इस खास मौके पर विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल फिंगेश्वर के छात्रें और शिक्षकों ने मिलकर एक अनूठी पहल की।विद्यालय में छात्र एवं छात्रओं द्वारा राखी निर्माण की प्रतियोगिता राखी थाल सजा प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी अद्भुत कला क्षमता का प्रदर्शन करते हुए बहुत ही सुंदर राखियां बनाई एवं थाल सजाए। स्वयं अपने हाथों से बनी हुई राखियों एवं सजी हुई थालियों को लेकर छात्रएं एवं छात्र सभी एक साथ स्थानीय पुलिस थाने पहुंचे और वहां तैनात पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर,उनके प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया।बच्चों ने पुलिस को राखी बांधते हुए,उन्हें अपना रक्षक बताया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी दिन–रात हमारी सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं और हम उनके आभारी हैं। इस दौरान, कई पुलिसकर्मियों की आंखें भी नम हो गईं,जब बच्चों ने उनसे आशीर्वाद लिया। पुलिस कर्मियों ने रक्षा करने का वचन दिया।

### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया व्यवस्थाओं का अवलोकन

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पुलिस परेड ग्राउंड पर हुई अंतिम रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का बुधवार को अंतिम रिहर्सल सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर ने निभाई। उन्होंने राष्ट्र ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस दौरान कलेक्टर बी.एस. उइके और पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा भी मौजूद रहे। कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अंतिम रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री उइके ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण पश्चात पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा सलामी दी गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। परेड कमांडर के मार्गदर्शन में प्लाटूनों ने परेड का प्रदर्शन किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

■ जिला पंचायत सीईओ प्रखर ने अंतिम रिहर्सल पर किया ध्वजारोहण, परेड की ली सलामी





**कलेक्टर ने बैठक व्यवस्था का लिया जायजा**–निरीक्षण में कलेक्टर श्री उइके ने समारोह स्थल में अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था, पार्किंग के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पत्रकारों के लिए भी बैठक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान मंच संचालन भी बेहतर ढंग से हो सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये।

**ये रहे उपस्थित**– इस दौरान अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस विभाग के जवान एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# मैनपुर में पहली बार एक ही जगह मनेगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह



**मैनपुर।** इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ मैनपुर क्षेत्र में पूरे उत्साह के साथ मनाने की जोर-शोर से तैयारी चल रही है। पहली बार मुख्य समारोह का आयोजन नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में किया जा रहा है। बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) तुलसीदास मरकाम ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बारिश के कारण मैदान में जमे पानी को बाहर निकलवाने और कार्यक्रम स्थल पर बैठने व भोजन की व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसडीएम तुलसीदास मरकाम की विशेष पहल पर, अब तक अलग-अलग जगहों पर होने वाला स्वतंत्रता दिवस समारोह इस बार एक ही स्थान पर मनाया जाएगा। इस नई पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों और छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने बताया कि सभी स्कूलों में ध्वजारोहण के बाद मुख्य कार्यक्रम सुबह 9 बजे से 12 बजे तक हाईस्कूल मैदान में आयोजित किया गया है। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही अनुविभाग के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों सहित नगरवासियों और आसपास के ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया है और भोजन की भी व्यवस्था की गई है।

■ एसडीएम तुलसीदास मरकाम की पहल से हाईस्कूल मैदान में होगा भव्य आयोजन

## रसेला से कामराज तक भाजपा ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

**रसेला।** मलेवा अंचल भाजपा मंडल द्वारा मंगलवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत रसेला से कामराज तक एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद कृष्ण कुमार निर्मलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्य अतिथि और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मुरलीधर सिन्हा ने शहीद के परिवार से मिलकर उनका सम्मान भी किया। मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि तिरंगा हमारे शहीदों के बलिदान की निशानी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में बताया। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे गर्व, सम्मान और बलिदान का प्रतीक है।



**अभियान का उद्देश्य और महत्व**– मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जायसवाल ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य सामुदायिक भावना को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय ध्वज में निहित मूल्यों को सुदृढ़ करना है। यह अभियान 'आजादी का अमृत महोत्सव' का एक हिस्सा है, जो नागरिकों को अपने घरों, कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**ये रहे मौजूद**– महामंत्री ईश्वर वर्मा और नारायण सिन्हा ने भी उपस्थित लोगों को राष्ट्रध्वज का महत्व समझाया और युवाओं से इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस दौरान आला राम ठाकुर, टंकेश्वर सोरी, रोहित जगत, कुशल ध्रुव, झवर अग्रवाल, कवि मरकाम, दिपेश दीवान, पिला सिंह, खेमसिंह, भूषण साहू सहित मंडल के पदाधिकारी और कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फिंगेश्वर में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर में भाजपा मंडल के तत्में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा रानी श्यामकुमारी देवी चौक से शुरू हुई और शहीद चौक होते हुए पुराने बस स्टैंड तक पहुँची। चिलचिलाती गर्मी और उमस के बावजूद लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यात्रा के दौरान /"भारत माता की जय/" और /"हर घर झंडा, घर घर झंडा/" जैसे जोशीले नारे गूंजते रहे, जिससे पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल बन गया।



**तिरंगा हमारी शान और पहचान है - संतोष उपाध्याय**– पुराने बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि यह तिरंगा हमारी पहचान, शान और अभिमान है। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों ने इस तिरंगे के सम्मान के लिए अपनी जान कुर्बान की है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रप्रेम का संदेश फैलाएं। वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित और मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित ने भी तिरंगे की महिमा बताते हुए लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री भुवन साहू ने किया और आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित ने किया।

**यात्रा में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति**–इस यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता भागवत हरित, रामूराम साहू, जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, मंडल उपाध्यक्ष मिंजून साहू, अरुण सिन्हा, महामंत्री भुवन साहू, प्रेमलाल टोडर, जगदीश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. प्यारेलाल सोनकर, जनक श्रीवास सहित कई भाजपा कार्यकर्ता, स्कूली छात्र और नागरिक शामिल हुए।




प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### मौली माता मंदिर से आज विधायक निकालेंगे बाइक रैली



**फिंगेश्वर।** 14 अगस्त को आज 11 बजे तिरंगा यात्र को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू राष्ट्र प्रेम की अलख जागाने तिरगा बाइक रैली मे शामिल होंगे। बाइक तिरंगा यात्र नगर के प्रसिद्ध मौली माता मंदिर से प्रारंभ होगी जो निकलकर बोरिद सरकड़ा, नांझर होते हुए सोरिद खुर्द पहुंचेगी वहां पर शहीद फणेश्वर सिन्हा के प्रतिमा मे माल्यापण करेंगे। इसी प्रकार सोरिद से होते हुए छुरा ब्लाक के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करेंगे। बाइक रैली यात्र के चालको को हेलमेट पहनने एवं बाइक मे तिरंगा के साथ बाइक तिरगा यात्र मे अधिक से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओ को शामिल होने की अपील की गई है।

### छुरा के ओमप्रकाश का दिल्ली स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में चयन

**छूरा।** शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ओमप्रकाश सेन का चयन दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हुआ है। यह



खबर पूरे महाविद्यालय और छुरा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। ओमप्रकाश सेन का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई, समन्वयक डॉ. एल.एस. गजपाल और जिला संगठक डॉ. समीक्षा चंद्राकर के मार्गदर्शन में हुआ है। पूरे छत्तीसगढ़ से केवल एक छात्र और एक छात्रा को इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिला है, जिनमें से एक छात्र का चयन छुरा महाविद्यालय से होना बड़ी उपलब्धि है। इस शानदार उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए ओमप्रकाश सेन को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य सी.एच. पटेल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनित साहू, प्राध्यापक डी.आर. साहू, डी.पी. सिंह, डॉ. सी.एस. सीकरवार, सुश्री रागनी ठाकुर और शीतल ध्रुव समेत सभी स्टाफ सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चरभट्ठी में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत मुख्यालय चरभट्ठी और उसके आश्रित ग्राम देवगांव में हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्राम पंचायत सरपंच राजेन्द्र साहू के नेतृत्व ग्राम में पंचायत पंचगण, ग्राम वासी के साथ गांव के मुख्य मार्गों पर तिरंगा यात्रा निकाली। सरपंच ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराए। स्वतंत्रता दिवस का उल्लास मनाए और राष्ट्रीय एकता का संदेश दे। इस अभियान को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। यात्रा के दौरान पूरा गांव भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। लोगों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा के इस मौके पर सरपंच डॉ राजेंद्र साहू, सियाराम साहू, देवसरण साहू, बैदराम साहू, तेजराम ध्रुव, पावस साहू, ओम साहू, लिकेश ध्रुव, तुमेश साहू, टुकेश ध्रुव ,रामदयाल नागार्ची, मनबोध ध्रुव ,कोमल ध्रुव, बल्लू ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, सतरोहन ध्रुव, लिलेश ध्रुव, सुपेतराम साहू आदि उपस्थित थे।

---

पर्व : विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में राजिम में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

# तिरंगा हमारी आन-बान और शान का प्रतीक है: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत, बुधवार को राजिम में एक भव्य और ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता, प्रशासनिक अधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा शहर के हृदय स्थल पं. सुंदरलाल शर्मा चौक से शुरू होकर महामाया मंदिर होते हुए गायत्री मंदिर तक संपन्न हुई। इस दौरान, हजारों कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने हाथों में तिरंगा लेकर /"भारत माता की जय/" के नारे लगाए। विधायक रोहित साहू ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देश के वीर जवानों के प्रति सम्मान प्रकट करने और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का एक माध्यम है। उन्होंने सभी से राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने और 'स्वच्छ भारत' तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने की अपील की। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने भी संबोधित करते हुए कहा कि यह आजादी का अमृत महोत्सव है, जो देशप्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करने का अवसर देता है।

### 'हर घर तिरंगा' अभियान का महत्व

विधायक रोहित साहू ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को देश के प्रत्येक नागरिक से जुड़ने का एक बड़ा माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि 10 से 15 अगस्त तक चलने वाली इस यात्रा के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना है, और 13 से 15 अगस्त तक सभी को अपने घरों पर तिरंगा फहराना है। यह अभियान सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है।

### यात्रा में ये रहे मौजूद

इस भव्य तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, थाना प्रभारी अमृत साहू और सीएमओ मनीष गायकवाड़ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लाला साहू ने किया और आभार प्रदर्शन भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने किया।



## धूमा स्कूल में निकाली गई तिरंगा रैली

**राजिम।** हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत राजिम क्षेत्र के ग्राम धूमा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में तिरंगा रैली, स्वच्छता संवाद एवं स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, उपसरपंच वामन निर्मलकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष चितरंजन साहू, कोमल साहू, महेश साहू, ज्ञानचंद वर्मा, कृशलाल साहू प्राचार्य वर्षा नेताम, केके साहू, प्रह्लाद मार्कण्डेय, मेघनाथ साहू, यदु सर, बीरेंद्र वर्मा, सहित शिक्षक गण और नागरिकों को हर घर तिरंगा फहराने और स्वच्छता के लिए निरंतर कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन भी किया गया और गाँव में रैली निकाली गई । तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चों ने ग्रामवासियों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति एवं स्वतंत्रता के महत्व से अवगत कराया। इसके साथ ही स्वच्छता का संदेश भी दिया।



## श्याम नगर में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान का आयोजन

**राजिम।** राजिम से लगे ग्राम श्याम नगर में बुधवार को 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, जो 2 से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों, ग्रामीणों और स्कूली छात्रों ने मिलकर स्वच्छता श्रमदान किया और एक भव्य तिरंगा रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों ने देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया, जिससे पूरे गाँव में उत्साह का माहौल बन गया।

**अतिथियों ने बढ़ाया अभियान का मान**-इस कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, सरपंच सुलोचना निर्मलकर और उप सरपंच वामन निर्मलकर जैसे प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों और ग्रामीणों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की बहनों ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया, जो इस अभियान को और भी सार्थक बनाता है।



**राज्यव्यापी अभियान का हिस्सा**-यह कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान का हिस्सा है। इसके तहत पूरे जिले के स्कूलों, ग्राम पंचायतों और सरकारी कार्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें चित्रकला, निबंध प्रतियोगिताएं, तिरंगा सजावट, शपथ ग्रहण और स्वच्छता श्रमदान शामिल हैं। इस तरह के आयोजनों से बच्चों और नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और सफाई के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत हो रही है।

## देशभक्ति के रंग में सराबोर हुआ शहर, भव्य तिरंगा यात्रा में 500 से अधिक लोग शामिल

**गरियाबंद।** स्वतंत्रता दिवस से ठीक दो दिन पहले, बुधवार, 13 अगस्त को गरियाबंद शहर देशभक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर हो गया। सुबह 7:30 बजे गांधी मैदान से एक भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें 500 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस यात्रा में कलेक्टर बी.एस. उइके, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार, स्कूली छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठनों के सदस्य, व्यापारी और आम नागरिक शामिल थे। यात्रा गांधी मैदान से शुरू होकर बस स्टैंड, बाजार चौक, और शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस गांधी मैदान पहुंची। पूरे रास्ते में सड़कों के किनारे खड़े लोगों ने भी



तिरंगे को सलामी दी और /"भारत माता की जय/" के नारों से पूरा गगन गूंज उठा। सड़कों पर गूंजते देशभक्ति के गीतों और लहराते तिरंगे झंडों ने एक अद्भुत और भावुक दृश्य प्रस्तुत किया। इस ऐतिहासिक यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं तक सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**अधिकारियों और नेताओं का संबोधन**-यात्रा के समापन पर कलेक्टर बी.एस. उइके ने कहा, /"यह तिरंगा यात्रा हमारे दिलों में राष्ट्रप्रेम की लौ को और प्रज्वलित करती है। हमें शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार ने कहा, /"तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। गरियाबंद की इस ऐतिहासिक यात्रा ने दिखा दिया कि यहां की जनता तिरंगे के सम्मान के लिए एकजुट है।

**पुख्ता इंतजाम और जनभागीदारी**-इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे और यातायात पुलिस ने मार्गों पर सुचारू व्यवस्था बनाए रखी। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने भी मार्ग को सजाने और पुष्पवर्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यात्रा का समापन गांधी मैदान में राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां सभी ने तिरंगे को सलामी दी।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली

**गरियाबंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना और उनके भीतर देशभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त करना था। स्कूल परिसर से शुरू हुई यह रैली बैंड-बाजे के साथ तिरंगा चौक, सिविल लाइन और गांधी मैदान होते हुए वापस स्कूल पहुंची। पूरे रास्ते में विद्यार्थियों ने भारत माता की जय और हर घर तिरंगा फहराओ जैसे जोशीले नारे लगाए, जिससे पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ मेमन, और पार्षद सूरज सिन्हा, बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू उपस्थित रहे। साथ ही शाला विकास समिति के अध्यक्ष केसर निर्मलकर और सदस्य विद्या भूषण द्विवेदी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना की और 'हर घर तिरंगा' अभियान की सफलता के लिए सबको प्रेरित किया।



## बिजली में सरपंच ने किया 'हर घर तिरंगा' अभियान का शुभारंभ



**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बिजली में सरपंच पद्मा निषाद ने बुधवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान 13-15 अगस्त का शुभारंभ किया। राष्ट्रभक्ति के गीतों की धुनों के बीच सरपंच ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया, फिर अपने पंचायत से यात्रा को रवाना हूए नागरिकों का अभिनंदन करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश आजादी के 78 वर्ष पूरे कर रहा है। आजादी के इस अमृतकाल में हर ग्रामवासियों के मन में संविधान, राष्ट्रीय प्रतीकों, राष्ट्रीयता, क्रांतिकारियों-महापुरुषों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव और प्रगाढ़ हो। यह हर जन, हर घर तक पहुंचे, प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आह्वान पर हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा के माध्यम से इसे हम सभी देख रहे हैं। तिरंगा यात्रा केवल यात्रा नहीं, बल्कि भारत मां, महापुरुषों, क्रांतिकारियों और वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता भी है।

**ये रहे उपस्थित**-इस मौके पर सरपंच पद्मा मोती निषाद, उपसरपंच तोषण पटेल और गजेंद्र निषाद, लिखन निषाद, शत्रुहन साहू, चुन्नू निषाद, सैलेण्ड यादव, उदय यादव, कुंत राम, हेमलाल, राधेश्याम गुप्ता, नरेश निषाद, तिलक पटेल, गोवर्धन निषाद, रंजीत मीरे, भुवन यदु, शिक्षक टिकेंद्र यदु और नंद कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## परसदा में हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान



**नवापारा-राजिम।** परसदा में स्वच्छता एवं हर घर तिरंगा महाअभियान की शुरूआत कार्यालय से किया गया जिसमें मुख्य रूप से पंचायत सचिव रामचंद्र, मनरेगा मेट शाला विकास समिति अध्यक्ष टिंकू यादव, रोजगार सहायक माधुरी साहू, योगेश यादव सहित हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चे व्याख्याता उपस्थित थे। टीकू यादव ने बताया कि हर घर तिरंगा महा अभियान पूरे भारतवर्ष को एक सूत्र में जोड़ने का बहुत महत्वपूर्ण कदम है साथ-साथ स्वच्छता को भी जोड़ दिया जा रहा है इसमें पूरे बच्चे ने शपथ लिया कि हम अपने आसपास जल कुआं हैंडपंप तालाब आदि को स्वच्छ रखेंगे और हम अपने स्कूल कार्यालय गांव को स्वच्छ बनाएंगे और यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है हर घर मेंस्वच्छता 2047 तक विकसित भारत के निर्माण करना है और आज भारत देश के तीसरे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी सोच से देश विकसित हो रहा है आगे यादव ने कहा कि मैं स्वच्छता के इस राष्ट्रीय कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा और लगन से निर्वाह करूंगा और अपने गांव को स्वच्छ स्वस्थ और सबल मनाऊंगा और इसमें अपना पूर्ण योगदान दूंगा हम स्वच्छता को अपने स्वभाव संस्कार में शामिल करेंगे।

---

ये हर छुरावासी की मेहनत का परिणाम: नपं अध्यक्ष

## स्वच्छता संगम 2025: छुरा नगर को मिला राष्ट्रीय सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ के छोटे, लेकिन जीवंत नगर छुरा ने स्वच्छता संगम 2025 में राष्ट्रीय सम्मान हासिल कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। यह सम्मान नगर पंचायत छुरा के साथ-साथ यहाँ के नागरिकों, सफाई कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की निरंतर मेहनत, जागरूकता और एकजुटता का प्रतीक है। इस उपलब्धि ने पूरे नगर को गर्व और उत्साह से भर दिया है।

पिछले कुछ वर्षों में, छुरा ने स्वच्छता के क्षेत्र में कई नई पहलें की हैं। इनमें घर-घर कचरा संग्रहण के लिए आधुनिक वाहनों का उपयोग, गीले और सूखे कचरे को अलग करने की आदत को बढ़ावा देना, और खुले में कचरा फेंकने पर कड़ी निगरानी रखना शामिल है। इसके अलावा, स्कूलों और मोहल्लों में स्वच्छता जागरूकता रैलियाँ निकाली गईं और दीवारों पर स्वच्छता आधारित पेंटिंग और संदेश बनाए गए, जिससे लोगों की सोच में बड़ा बदलाव आया।

### पुरस्कार ग्रहण करने वाले प्रतिनिधि

इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन, सभापति बलराज पटेल, रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव, सहायक राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, पीआईयू विष्णु निर्मलकर और स्वच्छता दीदियों (प्यारी बाई, जानिया ओगरे, रुक्मणी बघेल, भूरी बाई, गौरी बाई, दुलारी बाई, हेमबाई) ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के हाथों यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण किया।

### अब अगला लक्ष्य 'जीरो वेस्ट' नगर

इस उपलब्धि से उत्साहित होकर, छुरा अब 'जीरो वेस्ट' नगर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इसके लिए कचरे से कंपोस्ट बनाने, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग और बायोगैस प्लांट स्थापित करने की योजनाएँ शुरू की जा रही हैं। यह पहल इस बात को साबित करती है कि छोटे से नगर में भी बड़े बदलाव किए जा सकते हैं, बस जरूरत है दृढ़ संकल्प और सामूहिक जिम्मेदारी की। नगर का नारा है, हम सब मिलकर रखेंगे अपना छुरा स्वच्छ।




